महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय

Maharshi Panini Sanskrit Evam Vedic Vishwavidyalaya

देवास मार्ग, उज्जैन, मध्यप्रदेश - 456010

E-mail :- regpsvvmp@rediffmail.com, Website: - www.mpsvv.ac.in

क्र./पासंवि/गोप./22/2412 उज्जैन दिनांकः16/12 /2022

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सत्र 2021-22 के पाठ्यक्रमों के स्नातक स्तर के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के शास्त्री/बी.ए./बी.ए.बीएड./बी.पी.ई.एस. के नियमित/स्वाध्यायी पूरक प्राप्त विद्यार्थियों से परीक्षाओं के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpsvv.ac.in के माध्यम से ऑनलाईन भरवाये जाने हेतु परिवर्तित तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है -

1) बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -
दिनांक 03 दिसम्बर 2022 से 20 दिसम्बर 2022 तक

2) विलम्ब शुल्क रूपये 1000/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -
दिनांक 21 दिसम्बर 2022 से 23 दिसम्बर 2022 तक

3) (नोट - विश्वविद्यालय द्वारा पुर्नमूल्यांकन/पुर्नगणना/अनुचित साधन प्रयोग (यूएफएम) के परिणाम में प्रभावी हुए छात्रों के लिए परिणाम घोषित दिनांक से पाँच दिवस के लिए लिंक बिना विलम्ब शुल्क के खोली जायेगी एवं जिन छात्रों के प्रायोगिक व परियोजना कार्य के अंक शेष रह गये है वह भी उनके अंक शीघ्र भेजे।)

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा-निर्देश:

1) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

2) परीक्षार्थी, ऑनलाइन फार्म भरने के पश्चात् उसको संलग्न दस्तावेजों के साथ प्रिंट करवायेगा तथा उसे महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में जमा करेगा। सम्बन्धित प्राचार्य द्वारा अग्रसारित कर विश्वविद्यालय की ओर प्रेषित किया जायेगा।

3) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से अर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से जमा करवाएँ।

4) नियमित परीक्षार्थी को परीक्षा शुल्क 1000/- (एक हजार रुपए मात्र) विविध मदों सहित देय होगा जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।

5) स्वाध्यायी परीक्षार्थी को परीक्षा शुल्क 4200/- (चार हजार दो सौ रुपए मात्र) विविध मदों सहित देय होगा जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।

6) स्वाध्यायी छात्रों का अग्रेषण शुल्क (Forwarding Fee) रूपये 150/- प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय संग्रहीत करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रूपये 75/- प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान वि.वि. को प्रेषित करेगा।

7) परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र शुल्क रूपये 150/-संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे। जिसका उपयोग परीक्षा केन्द्र में किया जायेगा।

8) संबंधित प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

9) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात तीन (03) दिवस के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें।

10) समस्त महाविद्यालय विश्वविद्यालय से प्राप्त सम्बद्धता/निरंतरता प्रमाण-पत्र की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें इसके अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं किये जावेंगें।

कुलसचिव

क्र./पासंवि/गोप./22/2413 उज्जैन, दिनांकः 16/12/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-

1. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति स्थान/महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
2. माननीय कुलपति जी एवं कुलसचिव जी के निज सहायक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
3. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण संकाय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
4. प्रभारी, आई.टी. सेल, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, परीक्षा/गोपनीय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
6. श्री दीपक जैन, ई.वे.सो.प्रा.लि. आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव